

02

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, मंगलवार, 17 जनवरी 2023

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2079, अमांत-पौष, कृष्ण पक्ष दशमी, मूल्य, 2.00 रुपए


## एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



पौधा भेंट कर अतिथि का स्वागत करते हुए। आज समाज

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के वाणिज्य विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय था उपभोक्ता अधिकार और जिम्मेदारियां। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के निर्देशन व मार्गदर्शन में किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए हमेशा प्रेरित करते हैं। इस कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शोभना गोयल, डॉ. डिंपल, पूजा ने मुख्य वक्ता प्रदीप बंसल को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। सीए प्रदीप बंसल ने उपभोक्ता अधिकार और जिम्मेदारियां विषय पर अपने विचार छात्रों के साथ सांझा किए।

मुख्य वक्ता ने बताया कि सुरक्षा के अधिकार के अंतर्गत वस्तु की मैन्युफैक्चरिंग के बारे में जानने का हमें पूरा अधिकार है कि वस्तु सही प्रकार से मैन्युफैक्चरर की गई है कि नहीं, वस्तु को बनाने में सही चीजों का प्रयोग किया गया है या नहीं, आपको इसकी गारंटी और गुणवत्ता चिन्ह और प्रमाण पत्र सहित उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में पूछने का अधिकार है। मुख्य वक्ता ने राइट टू एजुकेशन के साथ-साथ राइट टू सर्विस एक्ट, एमआरपी, एक्सपायरी डेट, फूड सेफ्टी ऑफिसर की महत्ता के बारे में भी बताया।